
Email : guj.abhgb@gmail.com website : https://hgbsgujarat.org

# हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात



• वर्ष : 2 • अंक : 17 • 22 सितम्बर 2025, सोमवार

तंत्री एवं प्रधान संपादक : विजयकुमार छत्रपालजी शर्मा (चोरीवाड-साबरकांठा)

सहतंत्री • कमलेश शर्मा (पनवाडिया-थोलाईवाले), • रामअवतार एम.शर्मा (कुडाया), अहमदाबाद, • उमेश कुडाया (कठवाडा)

### अहमदाबाद में समाज का भवन बनने की उम्मीद

# हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात समाज के प्रतिनिधिमंडल ने CM भूपेंद्र पटेल से मुलाकात की

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के गुजरात क्षेत्र में बड़ी संख्या में सदस्य हैं। लेकिन राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विपरीत, गुजरात क्षेत्र में समाज का कोई छात्रावास या भवन नहीं है। इसलिए, गुजरात क्षेत्र में कार्यरत हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज की दो शाखाएँ लंबे समय से सक्रिय थीं। लेकिन अंततः अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा - गुजरात क्षेत्र के संगठन पदाधिकारियों और समाज के सदस्यों ने गुजरात सरकार से रियायती दरों पर भूमि प्राप्त करने के लिए एक लिखित प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया। इन प्रयासों में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा - गुजरात प्रदेश शाखाओं अग्रणी रहे हैं।

वर्षों बाद आज गुजरात समाज के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष रामजीलाल जोशी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से व्यक्तिगत रूप से मिलने गांधीनगर पहुंचा। जिसमें सोमवार, 28-07-2025 को गुजरात महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामजीलाल जोशी (खेड़ा-नारनोलिया), प्रदेश महासचिव कमलेश शर्मा (ईसनपुर-पनवाडिया), प्रदेश कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा (खुडाया-कणभा), संरक्षक रामकरण शर्मा (अहमदाबाद), अहमदाबाद जिला अध्यक्ष खेरातीलाल शर्मा, हरीश शर्मा (मणिनगर) और अन्य सदस्यों ने गांधीनगर के स्वर्णिम संकुल-1 में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के लिए अहमदाबाद में रियायती दरों पर छात्रावास भवन के निर्माण के उद्देश्य से रियायती दरों पर भूमि आवंटित करने के लिए एक लिखित ज्ञापन प्रस्तुत किया। गुजरात राज्य के मृदुभाषी और दृढ़ मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने प्रतिनिधिमंडल की बात शांति से सुनी। और समाज के उत्थान के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। यह कदम हमारे समाज के उज्ज्वल भविष्य और युवाओं के शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस नेक पहल के लिए समाज का प्रतिनिधिमंडल एवं अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा गुजरात के प्रदेशाध्यक्ष रामजी लाल जोशी सहित गुजरात के सभी पदाधिकारियों को गुजरात पत्रिका टीम की तरफ से हार्दिक बधाई और साधुवाद।

किसीभीसमाजकेलिएशिक्षाकेबारेमें सोचना बहुत ही सराहनीय बात बताते हुए, मुख्यमंत्री ने समाज के लिखित निवेदन को स्वीकार किया और हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समुदाय को भूमि आवंटित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने की तत्परता व्यक्त की। समाज के सदस्यों को अहमदाबाद के आसपास के क्षेत्र में रियायती दरों पर भूमि के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए जिला कार्यालय से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने के लिए जरुरी मार्गदर्शन भी दिया गया। गौरतलब है कि समाज के सदस्यों के लिए राज्य के मुख्यमंत्री से पहली बार मिलने का यह पहला अवसर था। इसलिए, समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पगड़ी पहनाई और उनके प्रति सम्मान और विशेष आभार व्यक्त करने के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किए। मुलाकात के इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा (न्युज एंकर-News18 Gujarati), हितेंद्रभाई(वरिष्ठ पत्रकार) का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। जिन्होने स्वयं गांधीनगर सचिवालय पहुंचकर मुख्यमंत्री से बातचीत के लिए बेहतर पैरवी की।

प्रदेश महासचिव कमलेश शर्मा (पनवाड़िया) ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिले मार्गदर्शन अनुसार सरकारी बंजर भूमि के संबंध में प्राप्त दस्तावेजों का अध्ययन करने के बाद, समाज के सदस्य ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच और तलाटी से मिलकर भूमि का निरीक्षण करेंगे। जिस गांव की सीमा में भूमि स्थित है, वहां जाकर भूमि का 40 साल का इतिहास जांचा जाएगा और आवश्यक पूछताछ की जाएगी। इस तरह, समाज की टीमें अलग-अलग चयनित गांवों में जाकर तीन स्थानों पर भूमि निरीक्षण करेंगी। उसके बाद, यदि भूमि सभी पहलुओं के अनुसार छात्रावास बनाने के लिए उपयुक्त पाई जाती है, तो ग्राम पंचायत की मंजूरी के लिए भूमि प्राप्त करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद, सभी दस्तावेजों की फाइल एकत्र की जाएगी और जिला कलेक्टर-अहमदाबाद सुजीत कुमार से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की जाएगी। यहां से, जिला स्तर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अहमदाबाद के दसक्रोई मामलतदार से जानकारी प्राप्त करके नवापुरा, असलाली, जेतलपुर, बारेजा एवं कणभा जैसे इलाको में भूमि का निरीक्षण व्यक्तिगत रूप से जाकर किया गया है। हालाकि वहा सरकारी जमीन पर तालाब एवं नदी का पानी होने से वह सरकारी जमीन समाज भवन के उपयुक्त नही पाई गई है। हम दसक्रोई तालुका के अन्य गाँवों में भी सरकारी बंजर भूमि का निरीक्षण जारी रखेंगे। इसके अलावा, हम सामुदायिक भवनों के लिए निजी भूमि की तलाश कर रहे हैं। क्योंकि शहर के पास निजी भूमि मिलने की संभावना ज़्यादा होती है। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के सदस्यों से अनुरोध है कि प्रतिनिधिमंडल ने ऐसे प्रयास किए हैं जिनसे समाज को कुछ मिलने की उम्मीद बन रही है। यदि कोई भी समाज सदस्य इस प्रक्रिया में कुशल है, मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है या सामुदायिक उद्देश्यों के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में साथ देना चाहता है, तो कृपया कमलेश शर्मा(पनवाडिया) से संपर्क करें।

अहमदाबाद एक ऐसा स्थान है जहाँ समाज का एक बड़ा वर्ग रहता है। और शहर का सभी जिलों से सीधा संपर्क है। इसलिए, यदि अहमदाबाद में "फूल नहीं तो फूल की पंखुड़ी" जैसी कोई इमारत बनाई जा सके, तो यह आने वाली पीढ़ी के लिए समाज के हित में बहुत उपयोगी साबित हो सकती है।

### अहमदाबाद में समाज के लिए छात्रावासों के निर्माण हेतु रियायती दरों पर भूमि आवंटन हेतु मुलाकात की और मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा





## कमलेश शर्मा ने समाज की धर्मशाला के संबंध में सांसद से की मुलाकात



हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज के अहमदाबाद के अग्रणी समाजबंधु कमलेशभाई शर्मा (प्रदेश महामंत्री-गुजरात महासभा) ने अहमदाबाद पूर्व लोकसभा के सांसद हसमुखभाई पटेल से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और समाज के लिए ज़मीन दिलाने में अपना सहयोग देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल से हुई मुलाक़ात और उन्हें दिए गए आश्वासन पर भी चर्चा की। सांसद हसमुखभाई पटेल ने लिखित रूप से उनका ज्ञापन स्वीकार किया और ज़मीन के लिए सक्षम प्राधिकारी को आवश्यक बातचीत कर सकारात्मक सहयोग करने की इच्छा जताई। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम समाज के लिए उनके सार्थक प्रयासों के लिए कमलेशभाई शर्मा को शुभकामनाएं देती है।

# कौन बनेगा करोड़पति टीवी शॉ में गुजरात की कंटेस्टेंट धरा शर्मा (गोगोरिया) से खास बातचीत








## धरा ने जीते 12.50 लाख रुपये, अमिताभ बच्चन को बताई समाज में व्याप्त कड़वी हकीकत

**सवाल - 1 धरा शर्मा, सबसे पहले ये बताए कि कौन बनेगा करोड़पति शॉ में कैसे चान्स मिला?**

हर साल अप्रैल महीने में सोनी टीवी पे शो की ऐड आती है, जिसमें 15 सवाल आते हैं 15 दिन के लिए। जिसका जवाब देकर आपको 15 दिन का इंतज़ार करना पड़ता है। अगर आपका लक होगा तो केबीसी की टीम आपसे कॉन्टैक्ट करती है। फिर फोन पर 3 सवाल पूछे जाते हैं, जिनका जवाब देने के लिए आपको 5 सेकंड मिलते हैं। फिर कुछ दिनों के बाद अगर आप सेलेक्ट हुए हैं तो मुंबई बुलाया जाता है ऑडिशन के लिए। वहाँ पे जी.के. राउंड होता है और जो जी.के. राउंड क्लियर करता है उसका पर्सनल इंटरव्यू होता है। उसके साथ-साथ एक 20–30 पन्नों का फॉर्म भी भरवाते हैं, जिसमें अपने बारे में पूछे जाने वाले सवालों के जवाब देने होते हैं — निबंध प्रकार के फॉर्मेट में। ये होने के बाद अगर आपका शो के लिए फाइनल सिलेक्शन होता है तो उनकी टीम आपको शो के दौरान कभी भी कॉल कर सकती है, जैसे कि मुझे कॉल आया था 21 अगस्त को।

**सवाल - 2 इस शॉ में जगह बनाने के लिए कितनी महेनत कर रही थी? बिग बी अमिताभ बच्चन से पहलीबार मिलकर कैसा लगा?**

जी.के. का मतलब होता है जनरल नॉलेज जो एक सामान्य ज्ञान है। इसकी तैयारी 1 हफ़्ते या फिर 1 साल में नहीं हो सकती है। मुझे बचपन से ही अपने आस-पास हो रही चीज़ों से सीखना पसंद है। बस यही तैयारी थी मेरी। मैं पिछले 3 साल से शो में लास्ट राउंड तक सेलेक्ट हो जाती थी, पर फ़ाइनल सेलेक्शन का कॉल नहीं आता था — पर इस बार आ ही गया। अमिताभ सर से मिलना एक सपने के समान है। उनका सरल स्वभाव मुझे बहुत प्रभावित किया। जैसे वो हम लोगों से बात कर रहे थे सेट पर, ऐसा लग रहा था कि कोई दोस्त बात कर रहा हो।

**सवाल - 3 पहले 'फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट' राउंड होता था.. लेकिन इसबार क्या फर्क आपने इस शॉ में देखा? किस राउन्ड तक पहुंची और कितने रुपये जीतकर आई?**

अभी भी फ़ास्टेस्ट फिंगर्स फ़र्स्ट (FFF) राउंड है। मैं हम दस लोगों में पहली कॉन्टेस्टेंट थी जो FFF राउंड जीतकर हॉट सीट पर बैठी थी। इसमें जो सबसे तेजी से जवाब देगा वही जीत जाएगा। मैंने 12 सवालों के सही जवाब दिए और 12.50 लाख की धनराशि जीतकर आई हूँ।

**सवाल - 4 केबीसी में जाना और अमिताभ जी के साथ बैठना आपके जीवन में कितना महत्व रखता है? कैसे महेसूस करते हो?**

केबीसी में जाना मेरे लिए किसी सपने के समान था। मुझे अब तक यक़ीन नहीं हो रहा है कि सदी के महानायक के साथ मैं बिना डरे अपने मन की बातें करके आई हूँ। इस शो से आने के बाद जो सराहना मुझे लोगों से मिली है, वो अतुलनीय है।

**सवाल - 5 आपके परिवार में कौन कौन है? क्या करते है माता पिता एवं भाई?**

मेरे घर में मेरे पापा, मम्मी और एक छोटा भाई है। मेरे पापा का नाम संजय शर्मा है, जिनका डेयरी का बिज़नेस वडोदरा में है। मम्मी रेखा शर्मा "होम मैनेजर" हैं, जो हम सबका बहुत ध्यान रखती हैं। भाई कव्य शर्मा अभी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ गुजरात से पीएच. डी. कर रहा है, जो हाल ही में पूरे देश में दूसरे स्थान पर आया था UGC-NET JRF परीक्षा में।

**सवाल - 6 अगर समाज में आपको कोई जिम्मेदारी दे दी जाए तो आप कौन सी जिम्मेदारी स्वीकारना चाहेंगे? और कैसे सुधार करेंगे?**

समाज के लिए जो अच्छा है उसे करने के लिए मैं हमेशा तैयार हूँ। जब भी मेरी ज़रूरत होगी तब मैं अपनी सेवा देने के लिए तत्पर हूँ।

**सवाल - 7 हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका जो पिछले दो साल से आप जैसी कई उभरती प्रतिभाओ को समाज के विभिन्न प्लेटफार्म पर लाने का काम कर रही है..इस पत्रिका के बारे में आपकी क्या राय है?**

यह समाज की गुजरात पत्रिका और आपकी टीम बहुत अच्छा काम कर रही है। हर प्रकाशित अंक मैं फ़ॉलो करती हूँ। आशा करती हूँ कि ऐसे ही हर अच्छे-अच्छे अचीवमेंट्स हमें इस पत्रिका के माध्यम से देखने को मिलते रहें। हम समाज में हम हर व्यक्ति के ज्ञान या उपलब्धियों को घर बैठे तो नहीं जान सकते। लेकिन गुजरात पत्रिका के माध्यम से यह बहुत आसान हो गया है। आपकी टीम बधाई की पात्र है।

**सवाल - 8 समाज को आपका संदेश क्या रहेगा?**

हमारा समाज बहुत काबिल है। बस यही कहना चाहूँगी कि जो अच्छा काम कर रहे हैं वो करते रहें, लोग प्रभावित ज़रूर होंगे और जहाँ कहीं आज भी ग़लत सोच चल रही है, वो लोग सही सोच की तरफ़ चलें और समाज को और ऊँचाई पर लेकर जाएँ।

# प्रोफ़ेसर बनने के लिए संघर्ष कैसे करें?

**प्रोफ़ेसर कानल शर्मा के सफल करियर से सीखें**

**परिचय :** सबसे पहले में अपना देती हू कि मैं कानल शर्मा हमारे समाज की एक साधारण बालिका रही हूँ, लेकिन आज मुझे गर्व है कि मैं Sigma university vadodara में अध्यापिका (Assistant Professor) के रूप में कार्यरत हूँ। यह स्थान मुझे केवल परिश्रम, धैर्य और गुरुजनों व परिवार के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है। मेरी यह यात्रा बताती है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।



**मेरी कहानी :** बचपन से ही मेरी रुचि पढ़ाई में रही। रास्ते में कई कठिनाइयाँ भी आई और हमेशा चुनौतियों का दबाव रहा। लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी और हमेशा यह विश्वास रखा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो जीवन को नयी दिशा दे सकती है। स्कूल की पढ़ाई के बाद मैंने कॉलेज में प्रवेश लिया और अपने विषय में लगातार मेहनत करती रही। कई बार चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा, पर हर बार मैंने उसे सीखने का अवसर माना। धीरे-धीरे मैंने उच्च शिक्षा प्राप्त की और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। अंततः मेहनत रंग लाई और मैं अध्यापिका के पद पर चयनित हुई। मेरी यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि यदि हम धैर्य और निरंतर प्रयास बनाए रखें तो सफलता निश्चित ही हमारे कदम चूमती है।

### समाज के बच्चों के लिए संदेश

- प्रिय बच्चों, मैं आप सभी से कहना चाहती हूँ कि जीवन में बड़ा सपना देखना कभी मत छोड़िए। उस सपने को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कीजिए।
- समय का महत्व समझिए और उसका सदुपयोग कीजिए।
- असफलता से डरिए मत, क्योंकि वही आपको सफलता की ओर अग्रसर करती है।
- अपने माता-पिता, गुरुजनों और समाज के मार्गदर्शन का सम्मान कीजिए।
- हमेशा सकारात्मक सोच रखें और आत्मविश्वास से आगे बढ़ें।

**हमारे समाज के हर बच्चे में अद्भुत क्षमता छिपी हुई है। बस ज़रूरत है विश्वास, मेहनत और धैर्य की। यदि आप शिक्षा को अपना साथी बना लेंगे तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं। याद रखिए - "मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती।"**

### अध्यापक कैसे बनें?

जो विद्यार्थी आगे चलकर अध्यापक/अध्यापिका बनना चाहते हैं, उनके लिए यह प्रक्रिया महत्वपूर्ण है

1. स्कूल शिक्षा पूरी करें - अच्छे अंकों के साथ 12वीं तक पढ़ाई करें।
2. स्नातक (Graduation) - अपने पसंदीदा विषय में B.Com., B.A., B.Sc. या अन्य स्नातक डिग्री प्राप्त करें।
3. स्नातकोत्तर (Post-Graduation) - उसी विषय में M.Com., M.A., M.Sc. या समकक्ष उच्च शिक्षा लें।
4. NET/SET परीक्षा - UGC NET या राज्य स्तरीय SET परीक्षा पास करना ज़रूरी है। यही पात्रता आपको अध्यापक/अध्यापिका बनने के लिए चाहिए।
5. पीएच.डी. (वैकल्पिक लेकिन लाभदायक) - जो विद्यार्थी शोध करना चाहते हैं, उनके लिए पीएच.डी. करना और भी अवसर खोलता है।
6. कॉलेज/विश्वविद्यालय में आवेदन - जब आप NET/SET पास कर लेते हैं, तो कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक/अध्यापक की भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

मैं चाहती हूँ कि हमारे समाज के बच्चे और युवा इस राह को समझें और यदि आप में से कोई इस दिशा में आगे बढ़ना चाहता है, तो मैं हमेशा मार्गदर्शन और सहायता के लिए तैयार हूँ। आपकी मेहनत और मेरे अनुभव का मेल ज़रूर आपको मंज़िल तक ले जाएगा।

आज जहाँ मैं पहुँची हूँ, उसमें मेरे परिवार, गुरुजनों और समाज का बहुत बड़ा योगदान है। मेरा अनुभव यही कहता है कि अगर दिल से मेहनत की जाए, तो हर सपना सच हो सकता है। मैं चाहती हूँ कि हमारे समाज की और भी बेटियाँ और बेटे शिक्षा के माध्यम से ऊँचाइयों को छुएँ और समाज का नाम रोशन करें। हम सबकी सफलता ही हमारे समाज की शक्ति है।

# राजस्थान के समाज यात्रीओ को डाकोर में दी गई प्रसाद सेवा

राजस्थान जयपुर के आसपास से हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज न तीर्थ यात्रा करने निकले समाज बन्धुओं दिनांक 18/8/2025 सोमवार को यात्रा धाम डाकोर में श्री रणडछोडराय दर्शन का लाभ लिया। अखिल गुजरात हरियाणा गौड़ ब्राह्मण सेवा संगठन गुजरात प्रदेश अध्यक्ष संजयजी पंडित की तरफ से उन सभी सम्मानित समाज बन्धुओं का प्रसाद ग्रहण करवाया और उन सभी समाज बन्धुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# राजस्थान सरस डेयरी के प्रतिनिधिमंडल का ईडर में हुआ भव्य स्वागत








हरियाणा के गौड़ ब्राह्मण समाज के सदस्यों और राजस्थान के सरस डेयरी के स्थानीय डेयरी सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में उत्तर गुजरात के दौरे पर आया। साबरकांठा-अरावल्ली के जिला अध्यक्ष चंद्रेशभाई शर्मा (चोरीवाड़-अंबिका डेयरी एंड स्वीट्स) ने प्रतिनिधिमंडल का भव्य स्वागत किया। चंद्रेशभाई ने अपने इडर स्थित अंबिका पार्टी प्लॉट में 50 से ज़्यादा सदस्यों के लिए चाय-नाश्ते का प्रबंध किया और समाज से जुडी पुरानी यादों के बारे में बातचीत की। भव्य स्वागत से खुश होकर प्रतिनिधिमंडल बाद में अहमदाबाद के लिए रवाना हुआ। इस प्रतिनिधिमंडल में समाज के प्रतिनिधि गिरिराजभाई शर्मा (सचिव - सरस डेयरी,राजस्थान), बद्रीनाराणाय शर्मा, चिरंजीवीलाल शर्मा, रामअवतारजी शर्मा(कणभा,अहमदाबाद) जैसे गणमान्य समाजबंधु भी शामिल थे।

## गर्व की क्षण



## कानल शर्मा बनेगी प्रोफेसर

**UGC NET में मिला 99.06 परिणाम**

कानल शर्मा (गौत्र - बंगार) (पत्नी - हर्ष परेश शर्मा)) ने जून - 2025 में प्रोफेसर(अध्यापक) बनने के लिए जरुरी परीक्षा UGC NET में 99.06 Percentile परिणाम प्राप्त कर अपने परिवार एवं समाज का गौरव बढाया है। हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका की तरफ से कानल शर्मा को अपनी असाधारण उपलब्धियो के लिए बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। अब कानल शर्मा जल्द ही प्रोफेसर(अध्यापिका) के रुप में कोलेज में पढाती हुई दिखेंगी। जोब के साथ ही उन्होने अब आगे पीएचडी की पढाई करने का मन बनाया है। उनके पति का नाम हर्ष परेश शर्मा(गौत्र-बोहरा) (निवासी हरणी, वडोदरा) है और वे डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में काम कर रहे है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि कानल ने अपनी मास्टर ऑफ कॉमर्स(M. Com) की डिग्री में 87% अंक प्राप्त करके रैंकर के रूप में भी स्थान प्राप्त किया है। कानल शर्मा साबरकांठा के हिंमतनगर स्थित लक्ष्मीनारायण शर्मा की सुपुत्री है। वे गुजरात पत्रिका के अगले अंक में प्रोफेसर बनने के विभिन्न अवसरों और उसकी व्यवस्थित तैयारीयो के बारे में एक आर्टिकल लिखेंगी। ताकि समाज में अध्यापक बनने के इच्छुक विद्यार्थियों को मार्गदर्शन मिल सके। एक बेटी का सामर्थ्य, उसकी शिक्षा, उसका कौशल सिर्फ परिवार ही नही समाज की, राष्ट्र की दिशा तय करती है। कानल शर्मा की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।

# काजल शर्मा की यूजीसी नेट में चमकदार सफलता - एक नई शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत





राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी National Testing Agency

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग University Grants Commission

UGC – NET June 2025 Scorecard

Dated: 21-07-2025

Director (Exams), NTA

अहमदाबाद की समर्पित शिक्षाविद् और पेशेवर काजल शर्मा ने जून 2025 सत्र में मैनेजमेंट विषय में 84.03 पर्सेंटाइल के साथ यूजीसी नेट क्वालिफाई कर गौड़ ब्राह्मण समाज को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि न केवल उनकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बनने के उनके लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

काजल, जिनका गोत्र - ओजट है, श्री राकेश शर्मा और श्रीमती संतोष शर्मा की सुपुत्री हैं। उन्होंने शैक्षणिक रूप से एम.कॉम (प्रथम श्रेणी), एमबीए (विशेष श्रेणी) और बी.एड (प्रथम श्रेणी) जैसे मजबूत शैक्षणिक आधार बनाए हैं। वर्तमान में वह अहमदाबाद की एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में वरिष्ठ एचआर एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत हैं, और अब वह कॉरपोरेट मैनेजमेंट प्रैक्टिसेस पर शोध करते हुए पीएचडी की दिशा में अग्रसर हो रही हैं। काजल आज की सशक्त महिलाओं की ताकत, दृढ़ता और बुद्धिमत्ता की प्रतीक हैं। अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक यात्राओं के साथ-साथ, वह प्रबंधन क्षेत्र में शोध लेखों के माध्यम से नए विचार और दृष्टिकोण लाने का लक्ष्य रखती हैं। काजल आज के युवतियों के लिए एक प्रेरणादायक संदेश भी साझा करती हैं:

"खुद में इतना निवेश करो कि कोई भी असफलता तुम्हारी कीमत तय न कर सके। हर चुनौती से उद्देश्य के साथ ऊपर उठो, और एक ऐसा जीवन बनाओ जो आंतरिक ताकत, आत्म-सम्मान और धैर्य का प्रतीक हो।" हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज और गुजरात मैगज़ीन काजल शर्मा को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। उनकी लगन और जज़्बा उन युवतियों के लिए विशेष प्रेरणा है, जो शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में सार्थक करियर बनाना चाहती हैं। हम भविष्य में उनके मार्गदर्शन लेखों और शोध प्रकाशनों को पढ़ने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## आंधी की मुस्कान ने थाईलैंड में गोल्ड मेडल जीतकर लहराया परचम



**जयपुर से शंकर बडगोती एवं विनोद कुडाया, सदस्य, गुजरात पत्रिका टीम :** जयपुर जिले के जमवारामगढ़ तहसील में गांव आंधी निवासी हनुमान सहायजी कोठोत्या की सुपुत्री मुस्कान कोठोत्या ने थाईलैंड में आयोजित 8वीं हीरोज इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2025 में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है। मुस्कान ने 17 आयु वर्ग के 49 किग्रा कैटेगरी के फाइनल में फिलीपींस की ऐराह में एमेडो को हराकर यह शानदार उपलब्धि हासिल की उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन हम सभी के लिए प्रेरणा है। हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका की पूरी टीम मुस्कान कोठोत्या को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनाएं देती है। फाईनल में फिलीपींस की खिलाडी को पछाड़ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मुस्कान ने हाल ही में अहमदाबाद में आयोजित ऑल इन्डिया ओपन नेशनल चेम्पियनशीप 2025 में 47 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए ट्रायल में स्थान बनाया था। ट्रायल में सफलता के बाद उन्हे थाईलेन्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।

## CM भजनलाल शर्मा ने सामूहिक गोठ एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन




**विनोद कुडाया, सदस्य , गुजरात पत्रिका :** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंदजी के नेतृत्व में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी से शिष्टाचार भेंट की और मुख्यमंत्री जी ने श्री सिद्धपीठ बैनाड़ा धाम (खेड़ी इकाई) तह. बस्सी, जयपुर पर आयोजित विशाल सामूहिक गोठ एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी को इस भव्य समारोह के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया प्रतिभाओं को सम्मानित करने और सामूहिक गोठ के माध्यम से एकजुटता का संदेश देने वाला यह कार्यक्रम राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत करेगा। इस दौरान अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ. शंभु लाल जी कुईवाले, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवान जी डांगरवाड़ा, राष्ट्रीय युवा कार्यकारी अध्यक्ष सुनील जी टीलवाला मौजूद रहे।

## डॉ. नीतीश कालवानिया प्रमोशन, IAS में हुआ चयन



मुख्यमंत्री कार्यालय राजस्थान सरकार में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत श्री डॉ. नीतीश जी कालवानिया बस्सी को भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) में चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता का यह परिणाम पूरे समाज के लिए गर्व का क्षण है। हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात टीम की तरफ से आपके उज्ज्वल भविष्य और देश सेवा के इस नए अध्याय के लिए अनंत शुभकामनाएं।

## गर्व की क्षण



## अब काव्य शर्मा भी

**क्लास वन ओफिसर या प्रोफेसर बनने की दौड में शामिल**



काव्य संजयकुमार शर्मा (गौत्र-गोगोरिया) (निवासी-वाघोडिया रोड,वडोदरा) ने जून - 2025 में प्रोफेसर(अध्यापक) बनने के लिए जरुरी परीक्षा UGC NET में 99.99 Percentile परिणाम प्राप्त कर अपने परिवार एवं समाज का गौरव बढाया है। काव्य शर्मा ने श्रम कल्याण-मानव संसाधन प्रबंधन विषय में जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) प्राप्त की है। उन्होंने एमएसडब्ल्यू (मास्टर ऑफ सोशल वर्क) की डिग्री प्राप्त की है। वर्तमान में, वह सेन्ट्रल युनिवर्सिटी ओफ गुजरात से पीएचडी की पढ़ाई कर रहे हैं। जूनियर रिसर्च फेलोशिप पूरी करने के बाद, उन्हें भारत सरकार की ओर से छात्रवृत्ति(स्कोलरशीप) मिलेगी, जो देश भर में केवल 15 छात्रों को ही मिलती है। काव्य शर्मा उनमे से एक होगा। हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका की तरफ से काव्य शर्मा को अपनी असाधारण उपलब्धियो के लिए बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। काव्य शर्मा ने कोल इंडिया लिमिटेड और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियों में एचआर विभाग में क्लास वन ऑफिसर के लिए इंटरव्यू दिया है। जिसका परिणाम अगले 2 महीनों में आ सकता है। यहाँ चयनित होना उनकी प्राथमिकता है। इसके बाद, वह प्रोफ़ेसर बनने का भी विकल्प उनके लिए ओपन हैं।

## अहमदाबाद DEO ने शिक्षक मिलाप शर्मा को सम्मानित किया

हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। समाज में एक और शिक्षक का सम्मान हुआ है। 22 जुलाई 2025 को अहमदाबाद शहर के जिला शिक्षा अधिकारी रोहित चौधरीने मिलाप राजकुमार शर्मा (मणिनगर) को उनके डिजिटल प्रश्न बैंक (कक्षा 12वीं के वाणिज्य-अर्थशास्त्र विषय के लिए) और करियर हेल्पलाइन-सारथी के साथ-साथ करियर डिजिटल स्पेशल 2025 के लिए शहर के अर्थशास्त्रियों, प्रशासकों, शिक्षकों और शिक्षाविदों की उपस्थिति में सम्मानित किया। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - गुजरात पत्रिका टीम की ओर से मिलाप शर्मा को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।





# क्या महिला समाज की अध्यक्ष बन सकती है?



नारीशक्ति



अनुजा शर्मा
डायरेक्टर, ग्लोबल्स
SSV - स्कूल, अहमदाबाद

नारी असय समाजसय कुशल वास्तु कारा अस्ति। नारी ही समाज की आदर्श शिल्पी है। इसलिए महिला बिलकुल समाज की अध्यक्ष बन सकती हैं। महिलाओं में असीम क़ाबिलियत हैं जो उन्हें समाज की अध्यक्ष बनने योग्य बनाती हैं। महिला नेतृत्व को बढ़ावा देना यानी मज़बूत नींव का निर्माण। महिला नेतृत्व यानी प्रभावशाली एवं प्रतिभाशाली नेतृत्व। भारत सहित अधिकांश देशों में महिलाओं को समान अधिकार प्राप्त हैं, और वे किसी भी सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक या पेशेवर पद पर आसीन हो सकती हैं, यदि वे योग्यता और सदस्यों का विश्वास अर्जित करें। सावित्रीबाई फुले, मदर टेरेसा, अन्ना चांडी जैसी महिलाओं ने समाज सुधार और सेवा के क्षेत्र में अहम योगदान दिया। महिलाएं आज शिक्षिका, प्राचार्या, प्रोफेसर और शोधकर्ता के रूप में ज्ञान के क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं।

हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम ने अहमदाबाद स्कूल की संचालिका अनुजा शर्मा से खास बातचीत की।

एक अच्छा अध्यक्ष कई महत्वपूर्ण गुणों के साथ आता है जो महिलाओं में मौजूद होते हैं। इन गुणों में ईमानदारी, संवाद कौशल, निर्णय लेने की क्षमता, सहानुभूति, प्रेरित करने की क्षमता, लचीलापन, दूरदर्शिता, ज़िम्मेदारी और सीखने की इच्छा शामिल है। एक अच्छा अध्यक्ष समूह को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में प्रेरित करने में और सफल बनाने के लिए इन गुणों का उपयोग करते हैं। ये सभी गुण नारी में होते हैं।

- **ईमानदारी :** एक अच्छे अध्यक्ष हमेशा सच बोलते हैं और अपने व्यवहार में पारदर्शिता रखते हैं, ईमानदारी समाज का विश्वास स्थापित करते हैं।
- **संवाद कौशल :** एक प्रभावी अध्यक्ष स्पष्ट रूप से अपनी बात रख सकते हैं और दूसरों को भी सुनने के लिए तैयार रहते हैं।
- **निर्णय लेने की क्षमता :** एक सही अध्यक्ष सही समय पर सही निर्णय ले सकते हैं और अपने निर्णयों के लिए ज़िम्मेदार होते हैं।
- **सहानुभूति :** एक अध्यक्ष को अपने समूह के सदस्यों की भावनाओं और दृष्टिकोण को समझने की क्षमता होनी चाहिए।
- **प्रेरित करने की क्षमता :** एक अच्छा अध्यक्ष अपने समूह को प्रेरित और उत्साहित रखते हैं।
- **लचीलापन :** एक अध्यक्ष को परिस्थितियों के अनुसार अपने आप को और सभी सदस्यों को बदलने की क्षमता होती है।
- **दूरदर्शिता :** एक अच्छा अध्यक्ष भविष्य को देख सकता है और सभी सदस्यों को लक्ष्य की ओर ले जा सकता है।
- **ज़िम्मेदारी :** एक अध्यक्ष अपने समूह की सफलता और असफलता की ज़िम्मेदारी लेते हैं।
- **सीखने की इच्छा :** एक अच्छा अध्यक्ष हमेशा सीखने और सुधरने के लिए तैयार रहते हैं।
- **साहस :** एक अच्छे अध्यक्ष को मुश्किलों का सामना करने और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता होती है।

जब ज़्यादा महिलाओं को नेतृत्व करने का अधिकार मिलता है तो सभी का फ़ायदा होता है। दशकों के अध्ययन से पता चलता है कि महिला अध्यक्ष सहयोग बढ़ाने, संगठनात्मक समर्पण को प्रेरित करने और निष्पक्षता में सुधार करने में मदद करती हैं। नारी शक्ति है, समाज का आधार हैं और नेतृत्व की क्षमता रखती है जो नारी सशक्त है वो समाज को मज़बूत बनाती है।

नेतृत्व एक कला है, और महिलाएँ इस कला में निपुण हैं। नारी नेतृत्व से समाज को एक नई दिशा मिलती है। हर महिला एक अध्यक्ष बन सकती है। जब महिलाएँ नेतृत्व करती हैं तो बेहतर नेतृत्व होता है।

## समाज संगठन में महिला कैसे अपनी भूमिका तय करे?

**1 स्वयं को समझें और आत्मविश्वास बढ़ाएं :** अपनी क्षमता, रुचि और अनुभव को पहचानें – क्या आप नेतृत्व में रुचि रखती हैं, क्या आप सेवा कार्य पसंद करती हैं, या क्या आप शिक्षण, लेखन या जनसंपर्क में बेहतर हैं? आत्मविश्वास विकसित करें - "मैं कर सकती हूँ" यह भावना सबसे पहला कदम है।

**2 संगठन के कार्य और संरचना को समझें :** संगठन का उद्देश्य, नियम, पदों की जिम्मेदारी, और कार्यपद्धति को भलीभांति समझें। जानें कि संगठन में कौन-कौन से कार्यक्षेत्र हैं - जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वित्त, प्रचार-प्रसार आदि।

**3 सक्रिय भागीदारी करें :** हर बैठक में नियमित रूप से हिस्सा लें। छोटे कार्यों से शुरुआत करें-जैसे आयोजन में मदद करना, दस्तावेज़ बनाना, सुझाव देना। अपनी राय स्पष्ट और विनम्र ढंग से रखें।

**4 नेतृत्व की ओर कदम बढ़ाएं :** यदि आपमें नेतृत्व की क्षमता है, तो महिला मंडल प्रमुख, कोषाध्यक्ष, सचिव या अध्यक्ष जैसे पदों के लिए आगे आएं। नेतृत्व का अर्थ केवल पद पर होना नहीं, बल्कि दिशा दिखाना और दूसरों को प्रेरित करना होता है।

**5 टीमवर्क और संवाद कौशल विकसित करें :** अन्य सदस्यों के साथ अच्छा संवाद बनाए रखें। विवादों में सुलह की भूमिका निभाएं और मिलजुलकर काम करने का माहौल बनाएं।

**6 नई महिलाओं को जोड़ें और सशक्त करें :** अन्य महिलाओं को भी संगठन से जोड़ें, उन्हें प्रोत्साहित करें। स्वयं एक "रोल मॉडल" बनें ताकि अन्य महिलाएं भी प्रेरित होकर आगे आएं।

**7 सीखना जारी रखें :** समय-समय पर प्रशिक्षण, वर्कशॉप, सेमिनार में भाग लें। सामाजिक विषयों पर जानकारी रखें - जैसे महिलाओं के अधिकार, योजनाएँ, कानून आदि।

महिला चाहे ग्रामीण हो या शहरी, शिक्षित हो या अर्धशिक्षित - अगर वह संगठित होकर समाज में कार्य करती है, तो परिवर्तन संभव है। संगठन में अपनी भूमिका तय करके महिलाएं न केवल खुद को सशक्त बनाती हैं, बल्कि पूरे समाज को जागरूक और विकसित करती हैं।




## अहमदाबाद पुरोहित परिवार की महिलाओने मिलकर हरियाली तीज का पर्व मनाया

इस साल 27 जुलाई 2025 को पूरे देश में हरियाली तीज का पर्व मनाया गया। हर साल हरियाली तीज श्रावण शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को सौभाग्य और मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए मनाया जाता है। श्रावण में चारों तरफ हरियाली होती है, इसलिए इसको हरियाली तीज कहा जाता है। अहमदाबाद पुरोहित परिवार की महिलाओने मिलकर हरियाली तीज का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर गौरी पूजन किया और विशेष पकवान भी बनाए। इस पर्व में गोदावरीबेन पुरोहित, भारतीबेन पुरोहित, चंद्रिकाबेन पुरोहित, लक्ष्मीबेन पुरोहित, कांतिबेन पुरोहित, बीना पुरोहित, सरोज एवं मनीषा पुरोहित समेत हेमा, वर्षा, कामिनी, रीना, ख्याति, गुंजन, रुचिका, क्रिष्णा ने लिया हिस्सा। महिलाओं ने हरे रंग की चुनरी, चूड़ियां और मेहंदी लगाई। पारंपरिक वेशभूषा में झूलों पर सावन की मल्हार गाते हुए पूजा अर्चना की गई।

## हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज की बेटी मानवी बनी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला की टॉपर

छोटे से गांव की मिट्टी में पली-बढ़ी हमारे समाज की एक साधारण सी लड़की ने ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिसने अपने पूरे गांव का नाम रौशन कर दिया। जहां लोग मानते हैं कि बड़े सपने सिर्फ बडे शहरों में ही पनपते हैं, वहीं इस बेटी ने अपने हौसलों से ये साबित कर दिया कि हिम्मत, मेहनत और लगन हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। यह कहानी अलवर जिले के खेडली उपखंड के नंगला माधोपुर गांव की हरियाणा गौड़ ब्रह्मण समाज की बेटी मानवी शर्मा की है, जो नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला के पंच वर्षीय कोर्स में टॉपर रही है। उसने कमुलेटिव ग्रेड पॉइंट एवरेज (सीजीपीए) गणना के अनुसार 9.73 अंक प्राप्त किए हैं। उसने बारहवीं तक की पढाई जयपुर से की है। उसके पिता रामदत्त शर्मा (ओजट) टीसीएस में सॉफ्टवेयर इंजिनियर और माता प्रमिला शर्मा गृहिणी है। उसके दादाजी का नाम श्री गंगाप्रसाद जी ओजट है। मानवी की इस उपलब्धि पर उसके गांव के लोग मिठाई बांटकर खुशियां मना रहे हैं। मानवी की यह उपलब्धि सिर्फ उसके परिवार या गांव की नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा है। वह अब वकील बनकर समाज में न्याय और समानता की अलख जगाना चाहती है। गांव की गलियों से निकलकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी तक पहुंची मानवी की यह कहानी हमें सिखाती है कि सपनों की कोई सीमा नहीं होती, बस उन्हें सच करने की जिद होनी चाहिए। मानवी फिलहाल प्रतापनगर, सांगानेर में रह रही है। वह कहती है कि मैंने कभी ये नहीं सोचा कि मैं कमजोर हूँ, बस खुद से एक वादा किया था कि एक दिन कुछ ऐसा करूंगी, जिससे मेरे मां-पिता का सिर गर्व से ऊंचा हो।



समाज में मानवता और परोपकार की मिसाल

# जयपुर के रोहित को सलाम

## 19 साल की उम्र में खुद मरकर बचा गया कई लोगों की जिंदगी



**जयप्रकाश शर्मा, सदस्य, गुजरात पत्रिका टीम, दिल्ली :** सवाई मान सिंह (एसएमएस) चिकित्सालय जयपुर में भर्ती गोविंदगढ़ तहसील के गांव चीथवाड़ी निवासी 18 वर्षीय युवक रोहन शर्मा के ब्रेन डेड* होने पर अंगदान कर समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण पेश किया है. गोविंदगढ़ तहसील के गांव चीथवाड़ी निवासी रोहन शर्मा का 24 अगस्त को ट्रॉमा सेंटर में इलाज शुरू हुआ था. इलाज के दौरान ब्रेन डेड घोषित किए जाने के बाद परिजनों ने साहसिक फैसला लेते हुए अंगदान की सहमति दी. जिससे तीन लोगों को नया जीवन मिला. रोहन की दोनों किडनी और लीवर को तीन अलग-अलग मरीजों को ट्रांसप्लांट किया गया है.

ब्रेन डेड घोषित होने के बाद अंगदान का फैसला : एसएमएस अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने 27 अगस्त को रोहन को ब्रेन डेड घोषित किया. इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने परिवार को अंगदान की महत्ता समझाई. काफी सोच-विचार के बाद परिवार ने रोहन के अंगदान के लिए सहमति दी. परिजनों का ये फैसला न केवल पीड़ित परिवारों के लिए राहत लेकर आया, बल्कि समाज में मानवता और परोपकार की मिसाल भी कायम कर गया.

तीन मरीजों को मिला नया जीवन : ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम नोडल ऑफिसर डॉ. मनीष अग्रवाल के अनुसार, रोहन शर्मा की दोनों किडनी और लिवर का प्रत्यारोपण किया गया है. इन अंगों के जरिए तीन अलग-अलग मरीजों को नया जीवन मिलेगा. रोहन के परिजनों ने साहसिक कदम उठाया है. वहीं, परिजनों ने कहा कि वे चाहते हैं कि रोहन की मौत व्यर्थ न जाए, बल्कि उसके अंग दूसरों के जीवन को बचाने में सहायक बनें.

चिकित्सकों और समन्वयकों की टीम ने निभाई अहम भूमिका : अंगदान की इस प्रक्रिया को सफल बनाने में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक माहेश्वरी, ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम नोडल ऑफिसर डॉ. मनीष अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. गिरधर गोयल, डॉ. चित्रा सिंह (ऑप्टिमाइजेशन प्रभारी) और कोऑर्डिनेटर प्रभारी रामप्रसाद मीणा सहित पूरी टीम का योगदान रहा.

रोहन के जाने के बाद परिवार का तो दीपक बुझ गया, लेकिन जाते-जाते रोहन ने तीन मरीजों को नया जीवन दे दिया और उनके तीन बुझते दीपकों को अंग देकर रोशन कर दिया. परिजनों का ये फैसला न केवल पीड़ित परिवारों के लिए राहत लेकर आया. समाज में मानवता और परोपकार की मिसाल भी कायम कर गया. रोहन का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया. अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा सहित तहसीलदार विजय पाल बिश्नोई सहित राजस्व विभाग के अधिकारी, सामोद थाना पुलिस भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए. पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

इस असहनीय दुख की घड़ी में भी उनके परिवार ने एक ऐसा साहसिक और प्रेरणादायक निर्णय लिया जो मानवता की मिसाल बन गया। रोहिन जी के दादाजी श्री खेमचंद जी शर्मा, पिताजी श्री अशोक जी शर्मा और माताजी श्रीमती मिश्री देवी जी ने अपने बेटे के अंगदान के लिए सहमति दी भले ही रोहिन जी इस संसार को अलविदा कह चुके हों लेकिन उनके अंग अब कई लोगों को नई जिंदगी देंगे उनकी धड़कनें अनगिनत साँसों में गूंजेंगी। रोहिन जी सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि मानवता की वह प्रेरणा हैं जो हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे। उनके इस महान कार्य को समाज सदैव याद रखेगा। सादर नमन एवं श्रद्धांजलि।

# पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती

## 53 साल की उम्र में की ज्योतिष की पढ़ाई



हिन्दी में एक कहावत है - जहाँ चाह वहाँ राह, कहते हैं कि पढ़ाई की कोई उम्र नहीं होती। जी हाँ, ये बात अहमदाबाद के समाजबंधु सुनीलभाई पंडित ने सच कर दिखाई है। अहमदाबाद के बिजनेसमेन सुनीलभाई पंडित ने अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच भी पढ़ाई के लिए समय निकाला और एक दिलचस्प विषय में डिग्री हासिल की है। आपको जानकर हैरानी होगी कि 53 साल की उम्र में सुनीलभाई ने अंक ज्योतिष और नाड़ी ज्योतिष में सफलतापूर्वक अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम से बातचीत में सुनीलभाई पंडित ने बताया कि उनका बेटा दिल्ली में पढ़ाई कर रहा था, इसलिए उन्हें वहाँ जाना हुआ था। इस दौरान उनका वहां रुकना भी हुआ। अहमदाबाद में जब हम लगातार व्यस्तता से घिरे रहते हैं, तो वही हमें दिल्ली में थोडा समय मिल गया। इस दौरान, जब मैंने अंक ज्योतिष के बारे में पढ़ा, तो मुझे इसके बारे में और जानने और इसका अध्ययन करने में रुचि पैदा हुई। तभी मुझे "पावन शास्त्र अंक ज्योतिष - विवेक वत्स" के बारे में पता चला, जो दिल्ली में सर्वश्रेष्ठ अंक ज्योतिषी के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करते है। तो बिना समय गँवाए मैंने यहाँ कोर्स जॉइन कर लिया।

29 अगस्त 2025 को वर्ष के उभरते ज्योतिषी के रूप में शील्ड से सम्मानित किया गया। अंक ज्योतिष और नाड़ी ज्योतिष में उनकी बहुत अच्छी जानकारी हो गई है। किसी व्यक्ति की जन्मतिथि से लेकर, वह स्वभाव, अच्छे-बुरे समय, आर्थिक स्थिति, जीवन की समस्याओं के बारे में ज्ञान के साथ-साथ व्यवसाय-नौकरी, सुखद जीवन की घटनाओं, वैवाहिक जीवन का वर्णन कर सकते हैं। वह संभावनाओं और वास्तविकताओं का अच्छे तरीके से वर्णन कर सकते हैं। सुनीलभाई पंडित ने समाज में एक मिसाल कायम की है कि अगर आप पढ़ना चाहते हैं, तो उसके लिए कोई उम्र नहीं होती। अगर आपमें किसी भी उम्र में सीखने की इच्छा रखते है, तो आप निश्चित रूप से पढ़ाई शुरू कर सकते हैं। शर्त यह है कि आपकी रुचि होनी चाहिए। दूसरी एक दिलचश्प बात यह है कि सुनीलभाई ने 50 साल की उम्र में तैराकी भी सीखी। यानी वह एक तैराक भी हैं... उनकी पढ़ाई की लाइन साइंस स्ट्रीम रही है। लेकिन अब से उन्हें ज्योतिषी सुनीलभाई पंडित के नाम से जाना जाए तो आश्चर्य नहीं होगा.. हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम समाज के उभरते ज्योतिषी सुनीलभाई पंडित को उनकी विशेष उपलब्धि के लिए बधाई देती है।

# रवि शर्मा अहमदाबाद के नए युवा अध्यक्ष चुने गए





हाल ही में विजयभाई रामाधार शर्मा ने अहमदाबाद-गांधीनगर-दहेगाम जिला युवा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए आज 3 अगस्त 2025 को अहमदाबाद के कणभा में युवा सदस्यों की बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से नए जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। जिसमें रविभाई शर्मा (अहमदाबाद) को अहमदाबाद-गांधीनगर-दहेगाम जिला युवा अध्यक्ष और व्रजनंदन पुरोहित (मणिनगर) को उपाध्यक्ष चुना गया है। उपस्थित युवा सदस्यों ने दोनों नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी। साथ ही युवा कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।



# प्रो. डॉ. आर.एम. शर्मा की उपस्थिति में अर्थशास्त्र अध्ययन मंडल द्वारा सम्मान समारोह

31 अगस्त, 2025 को अहमदाबाद के पालडी में अर्थशास्त्र अध्ययन मंडल द्वारा छात्र-शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अहमदाबाद के अग्रीम समाजबंधु एवं अर्थशास्त्री डॉ. आर.एम. शर्मा इस समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह में कक्षा 11-12 के अर्थशास्त्र पाठ्यक्रमों में नवीन एवं कठिन मुद्दों पर चर्चा हेतु एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. आर.एम. शर्मा ने अर्थशास्त्र विषय के नवीन मुद्दों के प्रति शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और अर्थशास्त्र के शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। अर्थशास्त्र अध्ययन मंडल के अध्यक्ष जगदीश भावसार ने प्राकृतिक खेती विषय पर शिक्षकों को संबोधित किया। इस समारोह में 112 छात्रों और 47 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। गुजरात राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के अध्यक्ष मनुभाई पवार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बदलती शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अर्थशास्त्र के शिक्षकों से तैयार रहने की अपील की।

## थानागाजी से सुदेश शर्मा बने सहायक आचार्य



हरियाणा गॉड ब्राह्मण समाज की एक और प्रतिभा सुदेश कुमार शर्मा (थानागाजी, अलवर) का सहायक आचार्य भौतिक शास्त्र में अंतिम रूप से चयन होने पर हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम की तरफ से बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। भौतिक शास्त्र में इनकी रैंक 47 रही है।

## अहमदाबाद की अनुजा शर्मा(एज्युकेटर) WICCI की काउन्सिल सदस्य बनी




हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका में महिलाओं के लिए प्रेरक आर्टिकल लिखने वाली एज्युकेटर और लेखिका अनुजा शर्मा को नई जिम्मेदारी मिली है। जी हा.. ग्लोबल एसएसवी स्कूल, अहमदाबाद की संस्थापक निदेशक अनुजा शर्मा को महिला भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (डब्ल्यूआईसीसीआई) की काउन्सिल सदस्य के रूप में चुना गया है। WICCI गुजरात राज्य समावेशी शिक्षा और कौशल विकास परिषद के सदस्य चयन किया गया हैं।

## नागदा के पुनीत शर्मा ने एमबीबीएस पास किया, गुजरात पत्रिका टीम की ओर से शुभकामनाएं



**पंकजशर्मा,समाचारसूचक,गुजरात पत्रिका टीम :** मध्य प्रदेश के उज्जैन ज़िले के नागदा में रहने वाले पुनीत शर्मा (वकील सुनील शर्मा के बेटे-भोपलवत) ने हाल ही में एमबीबीएस पास करके अपने परिवार और समाज को गौरवान्वित किया है। डॉ. पुनीत शर्मा ने किर्गिस्तान के बिश्केक स्थित इंटरनेशनल हायर स्कूल ऑफ़ मेडिसिन (IHSM) से एमबीबीएस पास किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने हाल ही में FMGE परीक्षा में 161वीं रैंक हासिल की है। अब वे भारत में भी अपनी चिकित्सा सेवाएँ दे सकेंगे। फिलहाल एक वर्ष उनकी इन्टर्नशीप चल रही है। पुनित की माता का नाम संगीता शर्मा (दंडयात) है। और छोटी बहन का नाम विनती शर्मा है। 25 वर्षीय पुनीत शर्मा को उज्ज्वल करियर के लिए शुभकामनाएँ। हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम पुनीत शर्मा को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देती है। गौरतलब है कि इंटरनेशनल हायर स्कूल ऑफ मेडिसिन (IHSM), मध्य एशिया के किर्गिज़स्तान में स्थित एक चिकित्सा विश्वविद्यालय है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा शिक्षा संगठनों द्वारा मान्यता प्राप्त है। IHSM की स्थापना 2003 में शिक्षा प्रणाली में सुधार और घरेलू विश्वविद्यालयों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की रणनीति के तहत की गई थी। किर्गिज़स्तान से प्राप्त एमबीबीएस की डिग्री आमतौर पर भारत में मान्य है, लेकिन भारत है। बिश्केक, किर्गिस्तान में भारतीय छात्रों के लिए एमबीबीएस की कुल फीस, पूरे 5-6 साल के कार्यक्रम के लिए, आमतौर पर 15 लाख रुपये से 35 लाख रुपये तक होती है, जिसमें ट्यूशन, हॉस्टल और अन्य खर्च शामिल हैं। यह शुल्क विशिष्ट विश्वविद्यालय और कार्यक्रम की अवधि के आधार पर भिन्न हो सकता है, जिसमें एक साल की इंटर्नशिप भी शामिल हो सकती है। FMGE परीक्षा, या विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा, व्यापक रूप से एक कठिन परीक्षा मानी जाती है, जिसका प्रमाण इसकी कम उत्तीर्णता दर है। कईविदेशीचिकित्सास्नातकोंकोआवश्यक गहन ज्ञान, परीक्षा प्रारूप और समय की कमी के कारण इसे उत्तीर्ण करना चुनौतीपूर्ण लगता है। हालाँकि उत्तीर्ण होना असंभव नहीं है, लेकिन इसके लिए केंद्रित तैयारी, एक सुनियोजित योजना और दृढ़ कार्य नीति की आवश्यकता होती है।

## युवा संगठन द्वारा म्युजिकल इवेन्ट 2025 का आयोजन




हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - अहमदाबाद-गांधीनगर-दहेगाम युवा संगठन आयोजित म्युजिकल इवेन्ट 2025 का भव्य आयोजन हुआ। अहमदाबाद में आयोजित इवेन्ट में 40 से ज्यादा समाज के युवाओने हिस्सा लिया, सभी युवाओं ने कराओके म्यूजिक स्पीकर सुविधा का उपयोग करते हुए अपने पसंदीदा गाने गाए।

## राजेन्द्र शर्मा को हार्दिक अभिनंदन



राजेन्द्र शर्मा (सुपुत्र कल्पेशभाई रामधनजी शर्मा-मूल निवासी द्वारापुरा) का हवलदार पद पर चयनित होने पर हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका एवं प्रदेश समाजबंधुओ की और से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## अनूठी गणेशभक्ति : अधूरी विसर्जित मूर्तियों को पुन: विसर्जित करने का अभियान



गुजरात भर में गणेशोत्सव का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। त्यौहार के बाद गणपतिजी की मूर्ति को नदी में विसर्जित किया जाता है। लेकिन कई लोग मूर्ति विसर्जित करते समय जाने-अनजाने में मूर्ति का अपमान कर देते हैं या उसे पानी में किनारे पर ही तैरता हुआ छोड़ देते हैं। जो बहुत दुखद है। लेकिन हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज के आणंद जिले के युवा सदस्य रोनककुमार लक्ष्मणभाई पंडित (अडास) ने ऐसी अधूरी और तैरती हुई गणेश मूर्तियों को एकत्रित करके और उन्हें वासद स्थित मही नदी में विधि-विधान और सम्मान के साथ पुन: विसर्जित करके एक अद्भुत कार्य किया है। रोनककुमार पंडित और उनके साथी मित्रों ने नदी के किनारे अधूरी और तैरती हुई मूर्तियों को एकत्रित करने का अभियान चलाया था। इस कार्य के लिए हरियाणा गौड़ ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम आणंद के युवा सदस्य रोनक पंडित और उनके साथी मित्रों को गर्व की अनुभूति के साथ बधाई देती है।

## अहमदाबाद में श्रावण महाप्रसादी का भव्य आयोजन हुआ



अहमदाबाद के ग्यासपुर(नारोल रोड) स्थित सोमनाथ मंदिर परिसर में हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - अहमदाबाद के शेठ श्री भौरीलाल जी (B.M. SHARMA) द्वारापुरा परिवार की तरफ से श्रावण महाप्रसादी का आयोजन किया गया। श्रावण माह की कृष्णपक्ष तृतीया के दिनांक 13-07-2025 रविवार को 800 से ज्यादा समाजबंधुओने महाप्रसादी का लाभ लिया। समाजबंधु महेश शर्मा, हरिचंद शर्मा, रामजीलाल शर्मा, लालाराम शर्मा,खेरातीलाल शर्मा,रामकिशन शर्मा, गिरिनंदन शर्मा जैसे समाजबंधुओने महाप्रसादी की व्यवस्थाओ को देखरेख की। अहमदाबाद में ग्यासपुर के पास सोमनाथ महादेव का एक हज़ार साल से भी ज़्यादा पुराना प्राचीन स्थल है। इस मंदिर में धूप की राख से पशुओं और सभी लोगों के चर्म रोगों से राहत मिलती है। शहर के इस सोमनाथ मंदिर में आने वाले हर व्यक्ति की मनोकामना महादेव पूरी करते हैं। समाज के लोगों ने यहां महादेव के दर्शन का लाभ उठाया। उन्होंने आस्था के साथ महादेव का अभिषेक किया और महादेव को शीश नवाया। गौरतलब है कि अहमदाबाद का यह समूह हर साल श्रावण मास में भोजन प्रसादी का आयोजन करता है।

# बिजनेस खबर : अहमदाबाद के चांदिएल में नए कारखाने का उद्घाटन







अहमदाबाद के प्रमुख बिजनेसमेन कमलेश पुरोहित के छोटे पुत्र पंकज पुरोहित ने शहर के चांदिएल में अपने बिजनेस का विस्तार करते हुए एक नए कारखाने का उद्घाटन किया। पिता कमलेश पुरोहित एवं परिवारजनो की उपस्थिति में इस कारखाने का उद्घाटन हुआ । इस कारखाने में कास्टिंग फाउंड्री युनिट कार्यरत है। उद्घाटन के दौरान पुरोहित परिवार के सभी सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे । समाजबंधु कमलेश पुरोहित के परिवार में दो पुत्र वृजनंदन पुरोहित और पंकज पुरोहित हैं। जो वर्षों से वाल्व मेन्युफेक्टरिंग के बिजनेस में कार्यरत है। जिनका युनिट(कारखाना) अहमदाबाद के रखियाल इलाके में स्थित है, इतना ही नहीं, वे एक प्री-स्कूल भी चला रहे हैं। हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम पुरोहित परिवार को नई इकाई के शुभारंभ पर हार्दिक बधाई देती है।

## मानसी शर्मा ने अमेरिका में अपनी मास्टर डिग्री (MSF) पूरी की, हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात - पत्रिका टीम की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ





अहमदाबाद निवासी मानसी हरीशप्रसाद शर्मा ने अमेरिका के बोस्टन स्थित सफ़ोक युनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ साइंस इन फायनान्स की डिग्री प्राप्त करके अपने समाज और परिवार को गौरवान्वित किया है। मानसी शर्मा को हाल ही में विश्वविद्यालय में आयोजित पदवीदान समारोह में डिग्री प्रदान की गई। अपनी पढ़ाई के दौरान, मानसी को युनिवर्सिटी से स्कोलरशीप मिली थी और पढाई के दौरान उन्होने युनिवर्सिटी में आसिस्टन्ट एकाउन्टन्ट के रूप में पार्ट टाईम काम भी किया। मानसी पिछले दो सालों से अमेरिका में रह रही हैं। और अब वह अमेरिका में अपने भविष्य को लेकर उत्साहित हैं। वह वर्तमान में संबंधित क्षेत्र में काम कर रही हैं। मानसी के पिता हरिप्रसाद नंदकिशोर शर्मा (बोपल-अहमदाबाद) हैं। उन्हें समाजबंधुओ और करीबी दोस्तों से व्हाट्सएप के ज़रिए उनके निजी नंबर 9825172719 पर अपनी बेटी की उच्च शिक्षा में प्रगति के लिए ढेरों शुभकामनाएँ मिल रही हैं।


Suffolk University

To all who may read this Diploma, Greetings

Hereby it is certified that upon recommendation of the Faculty of the college of this university known as the

Sawyer Business School

the Trustees of Suffolk University in whom the Commonwealth of Massachusetts by legislative action has vested power to confer appropriate degrees have this day conferred on

Mansi Hariprasad Sharma

the degree of

Master of Science in Finance

in recognition of the satisfactory fulfillment of the requirements pertaining to this degree

Dated this eighteenth day of May, 2025

## रतलाम के तरुण शर्मा को अभिनंदन




रतलाम के तरुण हरीश शर्मा को National Inter College Crossword Expedition 2025 अर्थात राष्ट्रीय अंतर महाविद्यालय क्रॉसवर्ड अभियान 2025 में प्रथम आने पर हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात पत्रिका टीम की तरफ से हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं



# अहमदाबाद में क्रिकेट टुर्नामेन्ट में सूर्यप्रकाश शर्मा की टीम बनी विजेता

**यज्ञेश पंडित, संवाददाता, हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका :** अहमदाबाद में हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - अहमदाबाद - गांधीनगर युवा संगठन द्वारा आयोजित भव्य क्रिकेट टुर्नामेन्ट का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट मैच में 55 युवा समाजबंधुओने हिस्सा लिया। संगठन की ओर से नाश्ते और दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई थी। आठ टीमों के बीच प्रतियोगिता हुई। जिसमें तीन सेमीफाइनल मैच खेले गए। फाइनल मैच मनोजभाई शर्मा और सूर्यप्रकाश शर्मा की टीम के बीच खेला गया। शानदार मुकाबले में सूर्यप्रकाश शर्मा की टीम विजयी रही। क्रिकेट मैच के साथ साथ पूर्व अध्यक्ष विजय भाई शर्मा ने नए अध्यक्ष रवि शर्मा को पदभार सौंपा एवं नई कमेटी का गठन भी किया गया।









# दर्शनीय स्थल है जोबनेर स्थित प्राचीन ज्वाला माता मंदिर








हम सभी जानते हैं कि हमारे समाज में कुलदेवी के अधिकांश मंदिर राजस्थान में स्थित हैं। हरियाणा के गौड़ ब्राह्मण समुदाय के लोग अपने परिवार की खुशहाली के लिए दूर-दूर से मंदिरों में प्रार्थना करने जाते हैं। कुलदेवी की पूजा से परिवार में सुख, शांति, समृद्धि और वंश वृद्धि होती है। कुलदेवी की पूजा करने से नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों से सुरक्षा मिलती है, और घर में सकारात्मक वातावरण बनता है। कुलदेवी की पूजा से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

गुजरात पत्रिका ने दर्शन यात्रा नामक एक विशेष लेख शुरू किया है ताकि समाज के सदस्य मंदिरों या शक्ति स्थलों की यात्रा के दौरान अपने अनुभव साझा कर सकें।

यात्रा के दौरान धार्मिक स्थलों की जानकारी यहाँ प्रस्तुत की जा सकती है। पत्रिका के इस अंक में संपादक विजयभाई शर्मा (चोरीवाड़-साबरकांठा) की राजस्थान यात्रा के बारे में जानकारी मिली। बात राजस्थान में जयपुर से 50 किलोमीटर दूर जोबनेर में स्थित ज्वाला देवी माता के मंदिर की है, जिन्हें पूरा परिवार कुलदेवी मानकर पूजता है। शीश झुकाकर मन्नतें

**दर्शनयात्रा**
विजयभाई शर्मा
चोरीवाड,साबरकांठा

मांगते हैं। गुजरात पत्रिका टीम से बातचीत में विजयभाई शर्मा ने बताया कि हम बरसों से ज्वाला देवी माता की पूजा करते आ रहे हैं। अगर मौका मिलता है तो हम यहाँ आना नहीं छोड़ते। लेकिन इस बार हम पूरे परिवार के साथ 45 से ज़्यादा सदस्यों के साथ माताजी के दरबार में आए। जो पहली बार एक सुखद अनुभव रहा।

हमारी यात्रा का पहला पड़ाव साँवरिया शेठ मंदिर था, जहाँ हमें अद्भुत दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सांवलिया सेठ मंदिर चित्तौड़गढ़ से उदयपुर की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 28 किमी दूरी पर भादसोड़ा ग्राम में स्थित है। यह मंदिर चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन से 41 किमी एवं डबोक एयरपोर्ट से 65 किमी की दूरी पर है। प्रसिद्ध सांवलिया सेठ मंदिर अपनी सुन्दरता और वैशिष्ट्य के कारण हर साल लाखों भक्तों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। मंडफिया मंदिर कृष्ण धाम के रूप में चर्चित है। मान्यता है कि जो भक्त खजाने में जितना देते हैं सांवलिया सेठ उससे कई गुना ज्यादा भक्तों को वापस लौटाते हैं। व्यापार जगत में उनकी ख्याति इतनी है कि लोग अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए उन्हें अपना बिजनेस पार्टनर बनाते हैं।

अपनी यात्रा के दूसरे चरण में हम जोबनेर स्थित ज्वाला माता मंदिर पहुंचे, जिसका हम सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मान्यता है कि अगर कोई भक्त माता के दर्शन करने के लिए हिमाचल नहीं जा पाता है तो वह भक्त राजस्थान के जयपुर जिले में स्थित जोबनेर में माता के दरबार में आकर पूजा-अर्चना करता है और अपनी मुरादें मांगता है। हम सभी परिवारजनोंने माता ज्वाला देवी के दिव्य दर्शन किए। पुजारी पराशर से काफी बातचीत हुई तो उन्होने बताया कि यहां पर माता सती के घुटने की पूजा होती है। ज्वाला माता के विग्रह को किसी ने स्थापित नहीं किया है। बल्कि, पौराणिक काल में पहाड़ी पर गुफा में देवी की प्रतिमा का घुटना वाला भाग प्रकट हुआ था। इसके बाद यहां पर माता के इस अंग की पूजा होती है. खंगारोत राजपूत माता को अपनी कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। मंदिर के गर्भगृह में अखंड ज्योत प्रज्वलित है, जो मंदिर की स्थापना से लेकर आज तक लगातार जल रही है। यहां की खास परंपरा यह है कि माता की आरती चांदी के बर्तनों में ही की जाती है। देवी को केवटा, हार, छत्र और मुकुट पहनाए जाते हैं, जिससे उनका भव्य शृंगार किया जाता है।

हम यहाँ एक दिन रुके। हमने माताजी के दरबार में भजन और जागरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया। इतना ही नहीं, हमने मंदिर परिसर में महाप्रसाद का भी आयोजन किया। हमने 700 से ज़्यादा भक्तों को माताजी के महाप्रसाद का लाभ दिया। हम अपने साथ रसोइयों की एक टीम भी ले गए थे। इसलिए भोजन बनाने की कोई चिंता नहीं हुई। कुल मिलाकर, परिवार के सभी सदस्यों के साथ हमारी यात्रा बेहद यादगार, अविस्मरणीय और आनंददायक रही।

मैं अपने समाज से यही कहना चाहूँगा कि अगर आप अपनी कुलदेवी को जानते हैं, तो एक बार अपने पूरे परिवार के साथ उनके दर्शन करने ज़रूर जाएँ। ऐसे दर्शनों से आपको और आपके परिवार के जीवन में अपार सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होगा। कुलदेवी की कृपा प्राप्त होने से आपकी सभी मनोकामनाएँ भी पूरी होंगी। ज़रूरी नहीं कि आप पैसे खर्च करें, लेकिन अगर आप हृदय में भावस्नेह लेकर माँ के दरबार में जाएँ, तो मेरा मानना है कि आपको माँ का आशीर्वाद ज़रूर मिलेगा। बहुत कम भाग्यशाली होते हैं जो अपने पूरे परिवार के साथ माता के दरबार में आ पाते हैं। यह माता की इच्छा से ही संभव होता है। माता रानी की कृपा समाज के सभी सदस्यों पर बनी रहे। जय माताजी । जय ज्वाला माता।

# कमलेशभाई पुरोहित को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया






अहमदाबाद में बिजनेसमेन एवं समाजबंधु कमलेशभाई पुरोहित को समाजसेवियों ने “समाज के उद्योगपति - समाज का गौरव” के रूप में पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। हाटकेश्वर समूह के आर.एम. शर्मा, शैलेशभाई पंडित, लक्ष्मीकांतभाई पंडित, रमणलाल शर्मा (देहगाम), नीलेशभाई शर्मा (वडोदरा), प्रकाशभाई शर्मा, योगेशभाई शर्मा के साथ ही रामावतार शर्मा, पत्रकार पंकज शर्मा सहित विभिन्न समाजसेवियों की उपस्थिति में एक नए अभियान की शुरुआत की गई। साथ ही, युवा संगठन के सदस्य रवि शर्मा, यज्ञेश पंडित, महेश शर्मा, विजयभाई शर्मा, मिलाप शर्मा समेत कई युवा भी उपस्थित थे। इसी कड़ी में, जब भी जिले में कार्यक्रम आयोजित हों, तो समाज के उद्योगपति को न भूलें और हर महीने एक-दो व्यवसायियों को इसी तरह सम्मानित करना शुरू करें। व्यवसायियों - उद्योगपतियों का समाज में महत्वपूर्ण योगदान होता है। कार्यक्रमों में व्यवसायिक वर्ग को भुला दिया जाता है। इसलिए, इस वर्ग को विशेष अनुग्रहित करने के लिए सभी से इस अभियान में भाग लेने का आह्वान किया गया।

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**परमपिता परमेश्वर स्व.मंजुलाबेन रामनिवास शर्मा (निवास - इटवाड, तहसील डेसर-जिला वडोदरा) की दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करे।**
**भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! ॐ शान्ति**
**(स्वर्गवास तारीख - 12 जुलाई 2025)**
**हरियाणा गौड ब्राह्मण-गुजरात पत्रिका टीम**


# श्री गिर्राज जी महाराज

## की बड़ी परिक्रमा के लिए प्याऊ और प्रसादी का सफल आयोजन



**गयाप्रसाद बलेसरा, सदस्य, गुजरात पत्रिका टीम, दिल्ली** : जिला मथुरा के अग्रणी समाज बंधुओं के तत्वाधान में श्री गिर्राज जी महाराज की बड़ी परिक्रमा मार्ग पर विगत दो वर्षों की भांति इस वर्ष भी 6 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक मीठा जल प्याऊ और प्रसादी का सफल आयोजन सम्पूर्ण हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज की ओर किया गया, अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज ने बढ चढकर आर्थिक सहयोग किया इस बार आयोजन में दिल्ली से श्री जयप्रकाश जी बोटोल्या, दिल्ली और शम्भू जी, गुरुग्राम का पांच दिवसीय आयोजन में सशरीर सेवा की,इस दौरान शम्भू जी गुरुग्राम का विशेष योगदान रहा सम्पूर्ण आयोजन में मीठा जल और प्याऊ और करीब 27500/- रुपए की आर्थिक सहयोग भावना रही। हमारे समाज के अध्यक्ष महोदय श्री बिरधी चंद जी कोठोत्या महामंत्री श्री सीताराम जी आलियाबाद और कोषाध्यक्ष श्री शम्भू जी कुई वाले और अन्य समाज बंधुओं ने आयोजन में सेवा की। धार्मिक आयोजन में अग्रणी भूमिका में श्री सत्यप्रकाश जी, मथुरा, श्री गैंदा लाल जी,व राधेश्याम जी देवी आटस और दिल्ली एन सी आर से श्री जयप्रकाश जी,बोटोल्या दिल्ली व श्री शम्भू जी कूक सपूत पचौरी गुरुग्राम हरियाणा तन,मन,धन से सहयोगी रहे।

## अहमदाबाद के अभिषेक शर्मा का IIM-इन्दौर में हुआ सिलेक्शन




अभिशेक चंद्रप्रकाश शर्मा(बसवाला) ने वर्ष 2025 में 12th CBSE बोर्ड में 96% परिणाम प्राप्त कर अपने परिवार एवं समाज को गौरवान्वित किया है इतना ही नही अब अभिषेक शर्मा IIM-इन्दौर में अपनी आगे की पढाई करनेवाले है..भारतीय प्रबंध संस्थान(IIM) में एडमिशन के लिए सिलेक्शन होना ही सबसे बडा मुश्किल काम होता है..जो अभिषेकने पार कर लिया है..अभिषेक शर्मा को हरियाणा गौड ब्राह्मण गुजरात पत्रिका टीम की तरफ से उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

## हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - इन्दौर जिले में

# जनगणना का कार्य पूर्ण



**राकेश शर्मा-इन्दौर-सदस्य, गुजरात पत्रिका टीम** : हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज - इन्दौर मंडल क्षेत्र में जनगणना का काम पूरा हो गया है। जनगणना और परिवारों की जानकारी वाली एक पुस्तिका मार्च 2025 में लॉन्च की गई थी। इस पुस्तिका में इंदौर मंडल क्षेत्र में रहने वाले समाज के 486 परिवारों की जानकारी एकत्र की गई है। जिसमें नाम, संख्या, गोत्र, शिक्षा, निवास, व्यवसाय सहित अन्य जानकारियाँ दी गई हैं। हालाँकि, यह उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले की जानकारी ही एकत्र की गई है। मध्य प्रदेश राज्य में समाजबंधुओं की कुल संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त करने का काम लंबे समय से चल रहा है। जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। वर्तमान में, इस पुस्तक में दिए गए अनुमानित आंकड़ों के अनुसार, 486 परिवारों की जनसंख्या लगभग 2,500 है।




मध्यप्रदेश में समाज के अत्यधिक घनत्व वाले स्थान

इन्दौर, रतलाम, खाचरोद, उज्जैन, होशंगाबाद, देवास, हरदा, खण्डवा, बीड, गम्भीर, जीजगाँव, कमताड़ा, पिड़गाँव, डोमनमऊ, खातेगाँव, हरसूद, धामनोद, गुर्जरगाँव, खिरकिया, कन्नौद, कोटपार, नकवाड़ा, बूँदड़ा, मॉंदला-बाफला, नर्मदानगर पुनासा, सोनतलाई, खण्डवा, केलनपुर, सौंसर, ईटारसी, परोनी कॉंकरिया, सिराली, चारखेड़ा, कमलापुर, बरेली, कुक्षी, गंधवानी, खिड़किया, सिराली, पुनघाट, आशापुर, करताना, पुनासा, बेगंदा, गुना, शिवपुरी, शाजापुर, सीहोर, भोपाल, कमालपुर, पीपली, सादनखेड़ी, असनखेड़ी करोद, बाजारगाँव, बारखेड़ा, हसन, कलारा, चपाड़िया, पापड़िया, गणेशपुरा, बनवीरखेड़ी, रामगिरी, आरोन, कुम्भराज, राजगढ़, टुण्डावेह, म्याना, करनखेड़ा, नरसिंहगढ़।




# विज्ञापन


**अहमदाबाद शहर या अहमदाबाद पूर्व क्षेत्र में समाज भवन के लिए 1500 वार या 1 बीघा तक भूमि की आवश्यकता है। इच्छुक लोग संपर्क करें। ब्रोकर्स आवकार्य।**

---

**कमलेशजी शर्मा (पनवाड़िया) - 94270 22758**

**अनुसरण**

- भूमि NA होनी चाहिए
- भूमि पर कोई दबाव या अदालती मामला नहीं होना चाहिए
- भूमि कटौती के अधीन या विवादित क्षेत्र में नहीं होनी चाहिए
- फाईनल TP की जगह होनी चाहिए
- बजट - 1 करोड के आसपास






# हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज - गुजरात प्रदेशवासीओ को दिपावली पर्व एवं नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

## दिपावली के पंच पर्व की तारीख एवं शुभमुहूर्त



### धनतेरस 2025

दिवाली के जिस पंचपर्व की शुरुआत धनतेरस से होती है. इस दिन भगवान धन्वंतरि की जयंती मनाई जाती है. इस साल धनतेरस का पावन पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 18 अक्टूबर 2025, शनिवार के दिन मनाया जाएगा. इस दिन धनतेरस की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम को 07:16 से लेकर 08:20 बजे तक रहेगा. इस दिन भगवान कुबेर के साथ भगवान धन्वंतरि की विशेष रूप से पूजा की जाती है, ताकि पूरे साल सुख-सौभाग्य और आरोग्य बना रहे. धनतेरस के दिन नये समान खरीदने की भी परंपरा है.



### नरक चतुर्दशी 2025

दिवाली के पंचपर्वों में दूसरा दिन नरक चतुर्दशी का होता है, जिसे लोग छोटी दिवाली भी कहते हैं. यह पर्व उत्तर भारत में हनुमान जयंती के रूप में भी मनाया जाता है. मान्यता है कि इसी दिन अर्धरात्रि में मां अंजना के गर्भ से हनुमान जी का जन्म हुआ था. हिंदू मान्यता के अनुसार इस दिन मुख्य द्वार पर चौमुखा दीया जलाने से नर्क से मुक्ति मिलती है. पंचांग के अनुसार यह पर्व इस साल 19 अक्टूबर 2025, रविवार को मनाया जाएगा. इस दिन पितरों की विशेष पूजा भी की जाती है.



### दिवाली 2025

दिवाली या फिर कहें दीपावली मुख्य रूप से दीपों का महापर्व है, जिसे जलाने से अंधकार दूर होता है. यह पर्व भगवान श्री गणेश के साथ धन की देवी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा करने के लिए जाना जाता है. हालांकि इसी दिन मां काली और कुबेर देवता की भी पूजा होती है. दीपावली का पावन पर्व इस साल 20 अक्टूबर 2025, सोमवार को मनाया जाएगा. इस दिन मां लक्ष्मी की विशेष पूजा का शुभ मुहूर्त शाम को 07 बजकर 08 मिनट से लेकर 08 बजकर 18 मिनट तक रहेगा.



### गोवर्धन पूजा 2025

दिवाली के बाद गोवर्धन पूजा का पर्व इस साल 22 अक्टूबर 2025, बुधवार के दिन मनाया जाएगा. इसे अन्नकूट का पर्व भी कहते हैं. हिंदू धर्म से जुड़े लोग इस दिन गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत आकृति बनाकर उनकी विशेष पूजा करते हैं. गोवर्धन देवता की पूजा के लिए सुबह 06 बजकर 26 मिनट से लेकर 08 बजकर 42 मिनट तक का समय रहेगा. वहीं शाम के समय इसी पूजा को आप दोपहर 03 बजकर 29 मिनट से लेकर 05 बजकर 44 मिनट तक कर सकेंगे.



### भाई दूज 2025

दिवाली के पंचपर्व में आखिरी पर्व भाईदूज का होता है. इस दिन बहनें अपने भाईयों को तिलक लगाकर उनकी सफलता और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं. भाई और बहन के स्नेह से जुड़ा भाईदूज का पर्व इस साल 23 अक्टूबर 2025, गुरुवार को मनाया जाएगा. इस दिन भाई को टीका करने का शुभ मुहूर्त दोपहर में 01 बजकर 13 मिनट से 03 बजकर 28 मिनट तक रहेगा. इस दिन यमुना में स्नान करने का बहुत ज्यादा धार्मिक महत्व माना गया है.

## 5 अक्टूबर 2025 रविवार के दिन

# अहमदाबाद में होगा भव्य रास-गरबा महोत्सव


हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज की यूवी टीम नवरात्रि महोत्सव के बाद भव्य जिला स्तरीय रास-गरबा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। अहमदाबाद-गांधीनगर-दहेगाम जिला युवा समाजबंधु टीम ने रविवार, 5 अक्टूबर, 2025 को एक भव्य नवरात्रि गरबा महोत्सव एवं प्रतिभाशाली छात्रों का सन्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया है। अहमदाबाद-गांधीनगर-दहेगाम जिला युवा अध्यक्ष रवि शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम शहर के बापूनगर में चंद्रप्रसाद देसाई हॉल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें अहमदाबाद, गांधीनगर, दहेगाम के सभी समाजबंधुओं को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके साथ ही, बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले गुजरातभर के छात्रों के साथ-साथ वर्ष 2025 में विशेष अध्ययन या डिग्री हासिल करने वाले समाजबंधुओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उनका जल्द ही संपर्क किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि महिला समिति के समन्वय से गरबा महोत्सव का भी आयोजन किया गया है, जिसमें अहमदाबाद और गांधीनगर दो जिलों के समाजबंधुओ, युवक-युवतीओ एवं दोनो जिला के सभी वर्ग के सदस्य शामिल होंगे। अहमदाबाद में पहली बार ज़िला-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस कारण, समाजबंधुओं में इस कार्यक्रम को लेकर काफ़ी उत्साह और खुशी है। युवा टीम ने दोनों जिलों के समाजजनों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है। इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी रवि शर्मा और उनकी युवा टीम द्वारा जल्द ही साझा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष रवि शर्मा और उनकी युवा कमिटी कड़ी मेहनत कर रही है।







"हरियाणा गौड ब्राह्मण - गुजरात प्रदेश के सभी समाजबंधुओ को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। यह नवरात्रि आपके लिए नई ऊर्जा, उत्साह और ढेर सारी खुशियाँ लेकर आए और आपकी सभी मनोकामनाएँ पूरी हों।"
उमेश शर्मा
पुत्र स्व. श्री रामेश्वर कुड़ाया
(माधोपुरा वाले) अहमदाबाद
मो.- 9825019516
कोषाध्यक्ष, गुजरात प्रदेश
अ.भा. ह. गौ. ब्रा. महासभा
राजेश शर्मा
पुत्र स्व. श्री रामेश्वर कुड़ाया
(माधोपुरा वाले)
मो.- 9909019516
Rameshwar
Warehouse
Rameshwar
Logistics
Rameshwar
Coil Cutter LLP
All Type Plate & Strcures Stock Yard
537/B, opp. Gangeshwar High School, Near Gokul Hotel,
Kanbha, Ahemdabad-382730 Ph.- 02718-286418, 079 65446374


के.एम.ट्रान्स्पोर्ट सर्विस
कमलेश शर्मा
महामंत्री, अखिल भारतीय
हरियाणा गौड ब्राह्मण
महासभा,गुजरात प्रदेश
M : 9427022758
M : 9898584469
Truck, Trailors, Cranes, Suppliers For All Over India Specialist in O.D.C. Consignment, Carting & Crane Contractor.
नाथाभाई एस्टेट, सनकोर प्लाजा के सामने,
जशोदानगर क्रॉस रोड के पास, अमराईवाड़ी,
अहमदाबाद-380026
Email : kmts9@yahoo.in


SHREERAM
IRON HOUSE
(Iron & Steel Ware House & Loading Unloading)
Kanbha, Ahmedabad
Ramavtar M. Sharma 9898062241
Mukesh M. Sharma 99049 22241
SHREE BAJRANG TRANSPORT
(Transport & Carting Contractor & Crain Loading & Unloading)
Vijay S. Sharma
9664829670
Giriraj R. Sharma
9825019175
Sitaram Sharma
9974981403
SHREE BALAJI TRANSPORT
(Transport & Carting Contractor & Crain Loading & Unloading)
Naresh R. Sharma 9558496512
Jayprakash S. Sharma 7600987776
SHARMA TYRES
AUTHORISED DEALERS : APOLLO TYRES LTD.
Odhav, Ahmedabad
STC
Rakesh R. Sharma 9825008751
Ashish S. Sharma 9979998685
SHARMA TYRES COMPANY
AUTHORISED DEALERS : MRF TYRES
Nana Chiloda Circle, Gandhinagar


VIJAY C. SHARMA
M. 81400 36786
98797 61676
JAIMIN V. SHARMA
M. 70415 07786
Ambica
DAIRY PRODUCTS
SINCE 1974
આવો હરીએ સંબંધોની મીઠી શરૂઆત...
બાસુંદી, કેરીનો રસ, મઠો, શ્રીખંડ, વિવિધ ફ્લેવરમાં આઈસ્ક્રીમ,
તાજો માવો, માખણ, ફ્રેશ પનીર, પંજાબી દહીં,
ચીઝ, ક્રીમ વગેરે શુદ્ધ અને સ્વાદિષ્ટ મળશે.
ઓર્ડર ઉપર પુરતું ધ્યાન આપવામાં આવશે.
લગ્ન તેમજ શુભ પ્રસંગે દરેક આઈટમ વ્યાજબી ભાવે મળશે.
PROPERTY INVESTORS
બ્રાન્ચ-૧ : ચોરીવાડ હાઈસ્કૂલની સામે, તા. ઈડર, જિ. સાબરકાંઠા.
બ્રાન્ચ-૨ : પ્લોટ નં. ૧૦૧, જલારામ સોસાયટી, લાલજીપુરા રોડ, શ્રી રામ બ્લોક ફેક્ટરી સામે, હરિધામ સોખડા.